
अध्याय
2


# लुका-छिपी



## आप कहाँ छुपे हो?





दृश्य 1


दृश्य 2


दृश्य 3


दृश्य 4

### आइए करते हैं

1. चित्र को देखिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

   (क) बच्चे कौन-सा खेल खेल रहे हैं?

   ..............................................................................

   (ख) ऊपर से कौन देख रहा है? ..............................

   (ग) दृश्य 1 में यदि रानी अपने चेहरे को झोंपड़ी की ओर कर ले तो क्या वह उन बच्चों को देख पाएगी जो झोंपड़ी के पास छिपे हैं? ..............................
   अपने दिए गए उत्तर पर चर्चा कीजिए।


© NCERT not to be republished

Reprint 2026-27

दृश्य 4 में क्या मिनी सभी बच्चों को खेल खेलते हुए देख सकती है? चर्चा कीजिए।

*भोलू यह देखकर चकित होता है कि यह वृक्ष ऊपर से कैसा दिखाई देता है।*





*जगत सामने से वृक्ष का छायाचित्र लेता है।*

2. मिनी, भोलू और रानी एक ही ईंट का रेखाचित्र बनाते हैं। एक ही ईंट के अनेक रेखाचित्र भिन्न-भिन्न क्यों है? चर्चा कीजिए।




किसका रेखाचित्र निम्नलिखित दृश्य दर्शाता है?

| ईंट के रेखाचित्र का दृश्य | विद्यार्थी का नाम |
|---|---|
| शीर्ष दृश्य | |
| अग्र दृश्य | |
| पार्श्व दृश्य | |

**शिक्षण संकेत** – विद्यार्थी विभिन्न उत्तर दे सकते हैं। चित्रों में उपस्थित दृश्यों के प्रकारों पर भी चर्चा कीजिए, जैसे – शीर्ष (ऊपर का) दृश्य, पार्श्व (एक ओर का) दृश्य, अग्र (सामने का) दृश्य।

© NCERT not to be republished




Reprint 2026-27


3. चित्रों को देखकर वस्तुओं के नाम लिखिए। यहाँ यह भी लिखिए कि वस्तु का कौन-सा दृश्य दिया गया है।




नाम : ..........................................
दृश्य : ..........................................



नाम : ..........................................
दृश्य : ..........................................




नाम : ..........................................
दृश्य : ..........................................




नाम : ..........................................
दृश्य : ..........................................





नाम : ..........................................
दृश्य : ..........................................




नाम : ..........................................
दृश्य : ..........................................



नाम : ..........................................
दृश्य : ..........................................



नाम : ..........................................
दृश्य : ..........................................




नाम : ..........................................
दृश्य : ..........................................


© NCERT not to be republished



Reprint 2026-27

4. जगत और रानी एक ही वस्तु के भिन्न-भिन्न रेखाचित्र बनाते हैं। वस्तुओं के साथ दृश्य का मिलान कीजिए।








अपने चारों ओर देखिए! विभिन्न वस्तुओं, जैसे – कुर्सी, मेज, पेंसिल, रबड़, जन्मदिन वाली टोपी, बोतल आदि के अलग-अलग दृश्यों के रेखाचित्र बनाने का प्रयास कीजिए।

## बक्सों के भवन

जगत और मिनी खेल रहे हैं। वे माचिस की खाली डिब्बियों का प्रयोग करके अनेक भवन बनाते हैं और अलग-अलग दिशाओं से उनके चित्र बनाते हैं।




अब आप भी माचिस की खाली डिब्बियाँ या अन्य डिब्बे एकत्रित करके विभिन्न भवनों की आकृतियाँ बना सकते हैं और उनके शीर्ष दृश्य, पार्श्व दृश्य तथा अग्र दृश्य दर्शा सकते हैं। आप अपने मित्रों को अपने द्वारा बनाए गए दृश्यों को सही भवन से मिलाने की चुनौती दे सकते हैं।



© NCERT not to be republished

Reprint 2026-27

## बिल्ली ने जगत को ढूँढ़ लिया

अगले दिन पाँचों मित्र उत्साह के साथ विद्यालय जाते हैं क्योंकि आज गतिविधि दिवस है। जगत की पालतू बिल्ली उसका अनुसरण करते हुए विद्यालय पहुँच जाती है। बिल्ली कक्षा की खिड़की पर बैठ जाती है और जगत को ढूँढने का प्रयास करती है।




### आइए करते हैं


जगत की बिल्ली ने उसे प्रथम पंक्ति की तीसरी मेज पर बैठा हुआ देखा।

1. चित्र में जगत की स्थिति को चिह्नित कीजिए।
2. नीले थैले की स्थिति के विषय में बताइए। ............................................................
3. दूसरी पंक्ति के मध्य की मेज पर आप क्या देखते हैं? ............................................................
4. अभ्यास पुस्तिका कहाँ रखी है दूसरी पंक्ति की प्रथम मेज पर या तीसरी पंक्ति की मध्य वाली मेज पर? ............................................................
5. दूसरी पंक्ति की तीसरी मेज पर एक सेब का चित्र बनाइए।



Reprint 2026-27


## ग्रिड (जाल) का खेल




यहाँ ग्रिड को भरने के लिए रानी द्वारा दिए गए संकेत हैं—

- दाईं ओर ठीक ऊपर एक रबड़।
- बाईं ओर ठीक ऊपर एक पेंसिल।
- दूसरी पंक्ति के दूसरे स्तंभ में एक सेब।
- तीसरी पंक्ति के दूसरे स्तंभ में एक पानी की बोतल।

भोलू का जाल




**शिक्षण संकेत** – विद्यार्थियों को कक्षा में ग्रिड का खेल खेलने के लिए कहिए। वे आँगन में या मेज पर जाल बना सकते हैं। वे जाल पर भिन्न-भिन्न वस्तुएँ अलग-अलग स्थितियों में रख सकते हैं।

© NCERT not to be republished




Reprint 2026-27

## जाल (ग्रिड) का खेल — खजाने की खोज

इस खेल में एक खिलाड़ी जाल में दी गई वस्तुओं में से एक वस्तु का नाम अपने मन में सोचता है और इसका पता लगाने में दूसरे खिलाड़ी की सहायता करता है।

आइए देखते हैं, जगत और मिनी कैसे खेल रहे हैं।




जगत ने कौन-सी वस्तु सोची थी?

**शिक्षण संकेत** – कैसे खेलें — 4×4 के जाल में वस्तुएँ रखी हुई हैं। पहला खिलाड़ी अपने मन में सोची हुई वस्तु को खोजने के लिए दूसरे खिलाड़ी को संकेत देगा तथा उस वस्तु को पहचानने में उसकी सहायता करेगा। खिलाड़ी ग्रिड में ऊपर, नीचे, दाएँ, बाएँ जा सकते हैं परंतु उन्हें विकर्ण की दिशा में जाने की अनुमति नहीं है। विद्यार्थी यह खेल युग्म में खेल सकते हैं। विद्यार्थी लिखकर या बोलकर मार्ग का वर्णन कर सकते हैं। उन्हें पर्याप्त संकेतों एवं प्रश्नों से मन में सोची गई उस वस्तु को खोजने के लिए प्रोत्साहित कीजिए, जैसे – प्रारंभ बिंदु से मैं ...... कदम दाएँ या बाएँ गया, फिर मैं ...... कदम ऊपर या नीचे गया आदि और इसी प्रकार आगे बढ़ते रहें।




Reprint 2026-27

अपने साथी के साथ यह खेल खेलिए।

प्रारंभ बिंदु से पुष्प तक पहुँचने का मार्ग बताइए। प्रत्येक मार्ग में कितने कदमों की आवश्यकता है?


उन सभी मार्ग के विषय में बताइए या लिखिए जिनके द्वारा आप पुष्प तक पहुँचे हैं।


प्रारंभ बिंदु से संतरे या आम में से किस पर कम कदमों में पहुँचा जा सकता है?




## विद्यालय के चारों ओर ड्रोन

अपने मित्रों को दिखाने के लिए ज्ञान एक ड्रोन लाया है। ड्रोन हवा में उड़ते हुए छायाचित्र ले सकता है।







चित्र में जो स्थान या वस्तुएँ दिखाई दे रहीं हैं, उन पर घेरा लगाइए और उनके नाम लिखिए।

© NCERT not to be republished

प्रीत की बड़ी बहन ने विद्यालय का एक मानचित्र बनाया है। आप सरलता से इसमें कक्षा 4 का पता लगा सकते हैं। कक्षा 4 से मंच तक के पथ को चिह्नित कीजिए।




आप यहाँ कितने मार्गों का पता लगा सकते हैं? ..........

*(प्रत्येक मार्ग को दिखाने के लिए अलग-अलग रंग की पेंसिल का उपयोग करें।)*

सबसे छोटा मार्ग कौन-सा है? आपने कैसे पता लगाया?

..........

विद्यालय में पानी पहुँचाने वाला व्यक्ति प्रवेश द्वार से बाईं ओर मुड़ा है। उसे मध्याह्न भोजन (मिड डे मील) हेतु रसोईघर तक पहुँचने का मार्ग बताइए। इसके लिए नीचे निर्देश लिखिए।

..........

रजत का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। उसे पुस्तकालय से चिकित्सा कक्ष में ले जाने हेतु आप कौन-सा मार्ग चुनेंगे?

..........

क्रीडा-स्थल में आयोजित प्रार्थना-सभा के बाद भोलू को सूचना प्रौद्योगिकी कक्ष जाना है और रानी को खेल कक्ष जाना है। उनके मार्गों का पता लगाइए। किसका मार्ग अधिक लंबा है?

..........



© NCERT not to be republished

## आइए करते हैं (परियोजना कार्य)

अपने विद्यालय के मुख्य द्वार से कक्षाओं तक पहुँचने का मानचित्र बनाइए और साथ में अन्य महत्वपूर्ण स्थान भी दिखाइए।

© NCERT not to be republished



Reprint 2026-27